दिनांक 12.11.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में जमुई जिलान्तर्गत पदस्थापित सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं के आवासीय भवन के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-

---

<u>उपस्थितिः-</u>

(i) **श्री विनोद चौधरी,** - **अध्यक्ष**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री अमरजीत कुमार,** - **सदस्य**
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, मुंगेर।

(iii) **श्री दिवाकर कुमार,** - **सदस्य**
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, जमुई।

1	कार्य का नाम	- जमुई जिलान्तर्गत पदस्थापित सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं के आवासीय भवन के निर्माण कार्य।
2	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	- ₹389.54 लाख (अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग का ज्ञापांक-07(भ0) दिनांक-30.04.2026)।
3	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	- ₹3,87,80,556/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-734 (नि0) अनु0 दिनांक-31.08.2026) (विद्युतीकरण कार्य सहित)।
4	परिमाण विपत्र की राशि	- ₹3,27,19,908/- (असैनिक कार्य)।
5	निविदा की राशि	- ₹3,59,68,478/-
6	निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग	- पी0आर0संख्या-008090(भ0) 26-27 दैनिक भाष्कर समाचार पत्र मे दिनांक-22.07.2026 को प्रकाशित।
7	निविदा आमंत्रण की तिथि	- 16.07.2026
8	प्री-बीड की बैठक की तिथि	- 21.08.2026 (अधी0 अभि0) / 22.08.2026 (मुख्य अभि0)
9	निविदा की तिथि	- 08.10.2026
10	निविदा खोलने की तिथि	- 09.10.2026
11	<u>निविदादाता का नाम एवं पता</u>	- (1) शिवा फैब इंडिया, गजरार गौरक्षणी, सासाराम (Reg. No-1240169, Class-I, BCD) । (2) मे0 सुदेश कुमार सिंह एण्ड को0 कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई (Reg. No-1240148, Class-I, BCD) । (3) मे0 अशोक एण्ड को0 निवास प्रा0 लि0, केवल, गुगुलडीह, जमुई (Reg. No-1240107, Class-I, BCD) । (4) धीरज कुमार, तुंगी, नालन्दा (Reg. No- 1260061, Class-I, BCD) । (5) ईकंसट्रक्सन इंजिनियरिंग वर्क्स, खगौल, पटना (Reg. No-1250068, Class-I, BCD) । (6) प्रमोद कुमार सिंह, जमुई (Reg. No- 140-23/2023, Class-I, WRD) । (7) मे0 मॉ शांति टेक्नोक्रेट प्रा0 लि0, जमुई (Reg. No- 2230060, Class-II, BCD) ।

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-

दिनांक-12.11.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जमुई द्वारा निविदा मे शामिल सात निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदा के शर्त्तो एवं सात निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों के जॉच के उपरांत पाया गया कि निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी वित्तीय वर्ष में अपलोड किये गये एस0बी0डी0 के अनुसार वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24, एवं 2024-25 की मॉग की गई है, जबकि ई-प्रॉक02 के General Information में Total value of civil engineering construction work, in Rupees, Performed in last five years. Minimum annual financial turnover (in all classes of civil engineering construction works only) amount of construction work ,which must be at least equal to 50 % of estimated cost of works for which bid has been invited. The turn over will be indexed at the rate of 8% for a year Rs.1,79,84,239/- 4.5(A) (a) 2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 प्रावधानित है।

उपरोक्त वर्णित स्थिति में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पाया गया कि उक्त निविदा में ,अपलोडेड निविदा कागजात में वर्णित निविदा शर्त्त तथा E-Proc के General Information में विरोधाभाष की स्थिति को दर्शाता है।

अतः इस निविदा को त्रुटिपूर्ण निविदा मानते हुए निविदा को रद्द कर पुनः निविदा करने का निर्णय लिया गया।

13 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-**

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा त्रुटि पूर्ण निविदा रहने के कारण इस निविदा को रद्द करते हुए पुनः निविदा करने का निर्णय लिया गया। कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जमुई को पुनः निविदा करने हेतु निदेशित किया गया।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-
(दिवाकर कुमार)
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, जमुई।

ह0/-
(अमरजीत कुमार)
अथीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, मुंगेर।

ह0/-
(विनोद चौधरी)
मुख्य अभियंता (द0),
भवन निर्माण विभाग,
बिहार पटना।

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्रा0-02-43/2025.....2605 S, पटना/दिनांक.....12/11/26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/11/2026

मुख्य अभियंता (द0)।